
तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 सील-मुहर एवं फर्जी हस्ताक्षर कर मछलीपालन...


12 महाविद्यालयीन छात्रों को दी विधिक सहायता...





## हादसा : 11 केवी बिजली लाइन दुकान के समीप निर्धारित हाईट से कम ऊंचाई पर गुजर रही

# दुकान में एपीसी के काम के दौरान करंट लगने से युवक गंभीर, बिजली विभाग की पोल खुली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/चारामा

नगर चारामा के सदर बाजार स्थित एक नव निर्मित मोबाईल शॉप के सामने एसीपी कार्य कर रहा एक युवक 11 केवी लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर लगते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। चैली पर घायल युवक को जैसे तैसे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा ले गए, जहाँ प्राथमिक उपचार के उपरांत हायर सेंटर रेफर किया गया।

- सीएसईबी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हुआ
- युवक बिना सुरक्षा उपकरण के कर ही कर रहा था काम

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्टेट बैंक के सामने नवकार सेल्स मोबाइल दुकान की नव निर्मित भवन में सामने की ओर एपीसी का काम चल रहा है और पास से ही 11 केवी तार की लाईन गुजरी है। धमतरी जिला के सांखरा निवासी नन्दकिशोर साहू शुक्रवार 18 अक्टुबर की दोपहर 12 बजे मोबाईल शाप दुकान के सामने हिस्से में चैली से चढ़कर एसीपी लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान नवनिर्मित भवन के सामने से गुजरी 11 केवी लाइन की चपेट में आने से युवक बुरी तरह झुलस गया और करीब बीस फीट ऊपर बांस के बंधे चैली में कुछ देर तक लटका रहा। युवक तार के सम्पर्क में आते ही बेहोश हो गया। युवक का पैर तार में फस जाने



से युवक उल्टा तार पर लटका रहा। युवक के तार के सम्पर्क में आने से विद्युत गुल हुई, जिसके बाद युवक के अन्य उपस्थित साथियो ने युवक को तार से खीचकर तार से नीचे उतारा। युवक अगर तार में नही लटका होता, तो शायद युवक ऊपर से नीचे गिर सकता था। काम करवाने वाले दुकानदार ने गंभीर रुप से घायल युवक को सामने दुकानदारों की मदद से उतार कर तत्काल चारामा हॉस्पिटल पहुंचाया, जिसके बाद गंभीर रुप से करंट में झुलसे युवक का चारामा के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर तत्काल उचित इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि युवक के दोनो हाथ सहित बांया पैर पूरी तरह से झुलस चुका है। युवक लगभग 50 प्रतिशत करेंट में झुलस गया है।

### नगर की कई दुकानें में खतरा

घटना के बाद भवन निर्माण के दौरान 11 केव्ही के तार भवन के एकदम नजदीक से गुजरने के बाद भी सुरक्षा का ख्याल क्यों नही रखा गया, यह प्रश्न उठने लगा। तार से चिपकाकर ही भवन निर्माण किस आधार पर किया जा रहा है। नगर में देखा जाए तो सदर बाजार में आधे से अधिक दुकान अपनी सीमा से बाहर निकालकर दुकानें बनाई और कई दुकाने तो विद्युत पोल खंभे के बाहर तक निकालकर बनाई गई है। कई दुकाने विद्युत तारो के नीचे लगाई गई है, जिसमे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। नगर पंचायत एंव विद्युत विभाग इन खतरों पर कभी व्यापारियो एंव नगर वासियो को सचेत नहीं करता है और न ही नियमों को दर किनार कर निर्माण करने वाले दुकानो एंव भवनो पर कोई कार्यवाही करता है।



### स्थानीय प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान

*भवन अनुज्ञा नगर पंचायत के द्वारा दी जाती है, लेकिन उसमे दिए गए नियमों का पालन नहीं कराया जाता है। कई बार सदर बाजार में बढ़ते यातायात की अव्यवस्था को लेकर अधिकारी व कर्मचारियो से शिकायत कर ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है, लेकिन कभी भी स्थानीय प्रशासन की ओर से अव्यवस्था को सुधारने के लिए कोई पहल नहीं की जाती है, जिसका नतीजा शुक्रवार को देखने को मिल गया।*

### युवक सुरक्षा उपकरण के बिना कर रहा था काम

*युवक 11 केवी लाईन की चपेट में कैसे आया, यह किसी को पता नहीं है, वहीं घायल युवक उस दौरान कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था। एपीसी पर जहाँ काम चल रहा था, उसके बहुत ही नजदीक से 11 केवी लाईन गुजरी है। दुकान मालिक ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को भी नहीं दिया था। काम करने वाला युवक किसी भी तरह के सुरक्षा उपकरण का भी उपयोग नहीं कर रखा था।*

### समाचार लिखे जाने तक नहीं दर्ज हुआ मामला

*घायल के हायर सेंटर ले जाने के कारण समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष के द्वारा थानें में जानकारी नहीं दिए जाने के चलते अपराध दर्ज नहीं किया गया है। बिजली विभाग के आला अफसरों के मोबाईल बंद होने के कारण बिजली विभाग की कार्यवाही की जानकारी न तो अभी तक पुलिस को मिली और न ही आमजनता को पता चल सका।*

## खबर संक्षेप

### 4 दिनी टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता आज से



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के कोदापाखा में चार दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज 19 से 22 अक्टूबर तक किया जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001, द्वितीय पुरस्कार 10001 एवं तृतीय पुरस्कार 5001 रूपए रखा गया है। पंचायत स्तरीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ एक दिवसीय महिला वर्ग कबड्डी का आयोजन रखा गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 8001 एवं द्वितीय पुरस्कार 4001 रूपए रखा गया है। समापन समारोह के दिन महिला वर्ग कबड्डी का आयोजन रखा गया हैं।

### सायबर अपराध से बचने छात्रों को दी समझाइश



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में जिला पुलिस के सायबर क्राइम ब्रांच द्वारा सायबर अपराध के सबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उससे बचाव को लेकर छात्रों को सुझाव दिया गया। वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम को सुरक्षित रखना चाहिए, मोबाईल या सिम कार्ड के गुम हो जाने पर शिकायत दर्ज किया जाना चाहिए, साइबर अपराध से किस प्रकार बचना चाहिए और यदि ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 को जानकारी देना चाहिए।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक में समीक्षा की



**कांकेर।** कृषि स्थायी समिति की बैठक उप संचालक कृषि के सभाकक्ष में सभापति नरोत्तम पड़ोटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 क्षेत्राच्छादन, बीज -खाद वितरण, फसल उत्पादन कार्यक्रम, ग्रीष्म कालीन धान के बदले, दलहन एवं तिलहन उत्पादन कार्यक्रम, बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं संचालित विभागीय योजनाओं के अलावा उद्यान, मछलीपालन, जल संसाधन, पशुपालन, क्रेड़ा, बीज प्रक्रिया केन्द्र, भूमि संरक्षण, जिला विपणन, कृषि अभियांत्रिकी, प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं विद्युत विभाग की संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया। बैठक में कृषि स्थायी समिति के सदस्य तारा ठाकुर, उप संचालक कृषि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### घायल की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत भानबेड़ा निवासी कबीर दास दर्रो का ईलाज के दौरान रायपुर के डीकेएस अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## पैसे के लेनदेन पर देवरानी-जेठानी के बीच मारपीट की पुलिस विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम संबलपुर में पैसे की लेनदेन की बात को लेकर देवरानी और जेठानी के बीच विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और मारपीट की नौबत आ गई। मारपीट में घायल महिला ने थाना में शिकायत किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे तालाबपारा संबलपुर निवासी 42 वर्षीय शाह जबीन खान पति स्व. जाकिर खान ने पुलिस को बताया कि गृहणी का काम करती हूं और मेरे पति की मौत 6 माह पहले हुई है। मेरे घर में मोटर सायकल है, जिसे पति के मौत के एक महीना बाद उक्त मोटर सायकल को 30 हजार रूपएं में बेच रही थी, तभी मेरी जेठानी अनिशा खान बोली कि मोटर सायकल को हमें दे दो उस समय मेरे पास पैसे की कमी के कारण उक्त



मोटर सायकल को मेरी जेठानी के पास 30 हजार रूपएं में बेच दी, जिसमें से मुझे 10 हजार रूपएं दिया गया, शेष पैसा को बाद में देना बोली, तब मै बोली कि जब पैसा होगा तब दे देना। जेठानी अनिशा खान के द्वारा मोटर सायकल का पैसा लेन-देन की बात को लेकर 18 अक्टूबर को सुबह साढ़े 9 बजें गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और हाथ-मुक्का एवं लकड़ी के डण्डे से मारपीट भी किया, मारपीट से मेरे सिर में चोट आई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## छोटे भाई से मारपीट, भैया-भाभी व भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 41 पुरूषोत्तम नगर में पुरनी रंजिश व जमीन से जुड़ी बात को लेकर दो सगे भाईयों के बीच हुए विवाद में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई, भाभी और भतीजा के खिलाफ मारपीट करने का शिकायत थाना में दर्ज कराया है। मारपीट की शिकायत करने थाना पहुंचे पीव्ही 41 पुरूषोत्तम नगर निवासी 44 वर्षीय सपन सरकार पिता स्व. गोपाल सरकार ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 17 अक्टूबर को शाम करीबन 7 बजे घर पर था। मेरी पत्नी उषा सरकार घर सामने पलंग के पलाई को निकाल रही थी, उसी समय बड़ा भाई विश्वनाथ सरकार, भाभी ममता सरकार आए और पुरानी रंजिश एवं जमीन की बात को लेकर मेरी पत्नी को भाई विश्वनाथ सरकार, भाभी ममता सरकार दोनो मिलकर गाली देने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का और भाई विश्वनाथ ने मेरे पत्नी को डण्डा से मारपीट कर रहा था, जिसे देखकर मैं और मेरा बेटा गौरव सरकार, मनोज सरकार बीच बचाव करने गए तो भतीजा विप्लव सरकार ने हाथ मुक्का डण्डा से मेरे सिर पर हमला कर दिया। मेरे दोनों बच्चों को भी भाभी ममता सरकार ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे सिर, दोनों हाथ, दोनो पैर में चोट आया है। मेरी पत्नी के सिर, बांए हाथ, पीठ व बांए पैर में चोट आया है तथा गौरव सरकार को बांए कान, गला के पास और मनोज सरकार के दांए कान, गर्दन के पास चोट आया है। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों बड़े भाई, भाभी और भतीजा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

- पीवी 41 पुरूषोत्तम नगर में दो सगे भाइयों में जमीन विवाद का मामला

## शाम को गरज-चमक के साथ बारिश मानसून की आंशिक विदाई का संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई, जिससे न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिला। जिले में तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें लोगो को ठण्ड का अहसास हुआ। सुबह से तापमान में गिरावट देखने को मिला और दोपहर 3 बजें के बाद अचानक रिमझिम बारिश होने लगी।

जिले में लगातार मौसमी गतिविधियों में बदलाव देखने को मिल रहा है। मानसून की आंशिक विदाई के बावजूद जिले के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई थी, जो 18 अक्टूबर को हुई, वहीं तापमान में कमी न होने से दिन में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। शाम करीबन 3 बजें अचानक मौसम



बदलने लगा और बारिश शुरू हो गई। आने वाले दिनों में मौसम में और भी परिवर्तन हो सकते हैं, जिससे जिले के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग मौसमी प्रभाव दिखाई देंगे। जिले में भी गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना है। एक-दो दिनों तक हल्की बारिश की स्थिति बनी हुई है। नमी के चलते रात के तापमान में खास बदलाव नहीं देखा जा रहा है। मानसून की वापसी हो चुकी है, लेकिन इसकी पूर्ण विदाई अभी नहीं हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसून की पूरी तरह से विदाई के बाद ही शुष्क हवा का दौर शुरू होगा, जिससे रात के तापमान में गिरावट आएगी और ठंड का अनुभव होगा।

### तापमान सामान्य से अधिक

*जिले का अधिकतम तापमान 33 से 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 से 25 डिग्री के बीच है। तेज धूप और नमी के कारण वातावरण में उमस बढ़ गई है, जिससे दिन के समय गर्मी महसूस हो रही है। मानसून की आंशिक विदाई हो रही है, जिससे कुछ हिस्सों में हल्की बारिश या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट की संभावना है।*

## कलेक्टर ने बताया कि 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

# जल संरक्षण के लिए पंचायत मासुलपानी को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर की ग्राम पंचायत मासुलपानी को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राष्ट्रीय स्तर का सम्मान देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा आगामी मंगलवार 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में दिया जाएगा, जो जिले के साथ-साथ प्रदेश और देश के लिए बड़े गौरव की बात है। शासन की कोई भी योजना तब तक सफल नहीं होती, जब तक लोगों की उसमें सक्रिय सहभागिता न हो। मासुलपानी में सामुदायिक तालाब निर्माण, गहरीकरण, कुआं निर्माण, वॉटर शेड, कूप खनन, गेबियन निर्माण सहित विभिन्न जल संरक्षण के उपाय किए गए, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी भूमिका निभाई। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सुरही में 18 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि मासुलपानी का देश स्तर पर चयन होना बड़ी बात है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं। क्षेत्र की समस्याओं को प्रशासन के संज्ञान में लाने पर उनका निराकरण होना तय है, भले समय लग जाएं। मासुलपानी ने जो कदम उठाया है, उसी तरह से इस अन्य ग्राम पंचायतों को भी सरकार की विभिन्न योजनाओं में इसी ढंग से बेहतर काम करके देश में नाम रोशन कर सकते है, इसके लिए सभी को सामुदायिकता का परिचय देते हुए काम करना चाहिए। आयोजित शिविर में जिला पंचायत सदस्य हेमलाल मरकाम, जनपद पंचायत के सदस्यगण, एसडीएम कांकेर अशोक मारबल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- मासुलपानी ने जो कदम उठाया वह अन्य पंचायतों के लिए अनुकरणीय

### मौके पर 117 प्रकरणों का हुआ निबटारा



*सुरही क्लस्टर के 17 ग्रामों के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 138 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 117 प्रकरणों का निबटारा मौके पर ही किया गया। इनमें सर्वाधिक 73 आवेदन खाद्य विभाग को, राजस्व विभाग को 19, ग्रामीण विकास विभाग को 17 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका स्थल पर ही यथासंभव निबटारा किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण किया गया।*



### शिविर का भी हुआ आयोजन, उठाया लाभ

शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 96 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि वितरित की गई। साथ ही लक्षण के आधार पर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए रक्त परीक्षण किया गया। इसी तरह पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में 58 मवेशियों का उपचार, 29 का बंध्याकरण कर क्लस्टर के पशुपालकों को 873 कृमिनाशक दवा वितरित की गई। इसके अलावा एफएमडी, पीपीआर, फुटपॉक्स, ईटी टीकाकरण भी इस दौरान किया गया। इसके अलावा 07 ग्रामीणों को मौके पर राशन कार्ड बनाकर वितरित किया गया।

## युवक की पिटाई, मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर में शिकायत कने पहुँचे कुरना निवासी 21 वर्षीय डोमेंद्र रजक पिता जगदेव रजक ने पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर की रात को ग्राम नारा रामधुनी कार्यक्रम देखने गया था। वापिस आते समय नारा के रोशन जैन, राहुल व युवराज कुमेटी के द्वारा बाईक से खींचकर पुरानी बातों को लेकर हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट किया गया, जिससे मैं और मेरा भाई कोमल रजक और मेरे साथी प्रशांत साहू को चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## पंचायतों में आरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बीजापुर।** एससी वर्ग के लोगों ने पंचायतों में आरक्षण को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को आज ज्ञापन सौंपा है। अनुसूचित जाति एससी वर्ग के माहरा व महरा जाति के समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को पंचायतों में आरक्षण को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिले में 82 प्रतिशत से भी अधिक जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की है। वहीं भारत सरकार के द्वारा विगत वर्ष से माहरा व महरा जाति को अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल किये जाने से अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या में वृद्धि होकर लगभग 15 प्रतिशत से अधिक हो गई है। पंचायतों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को पंचायतों में आरक्षण के आधार पर स्थान सुरक्षित है। वहीं एसटी वर्ग के लोगों ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायतों में सीटें आबंटित किया गया है। सेवानिवृत्त शिक्षक नागेश्वर दुर्गम ने बताया कि अनुसूचित जाााति वर्ग की जनसंख्या लगभग 15 प्रतिशत है,जो कि जिले के मूल निवासी भी है।

## वीरांगनाओं ने दशहरा मिलन व रानी दुर्गावती की मनाई जयंती




**दंतेवाड़ा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगनाओं ने आज बनवासी कल्याण आश्रम बारसूर में दशहरा मिलन और रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मनाई। इस समारोह में दंतेवाड़ा, गीदम, नकुलनार की वीरांगनाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने रानी दुर्गावती के वीर गाथा और बलिदान को याद किया। वीरांगना जिला दंतेवाड़ा की अध्यक्षा शेफाली भदौरिया ने कन्या छात्रावास की बालिकाओं को बताया कि रानी दुर्गावती के गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेकर नारी शक्ति को सृजित और संगठित किया जा सकता है।

### 10 को प्रमाण पत्र और 6 को सौंपी गई आवास की चाबी

# प्रधानमंत्री आवास मेला में सांसद ने हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सांसद महेश कश्यप के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को शबरी ऑडिटोरियम कुम्हाररास सुकमा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 10 हितग्राहियों को नवीन आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र और 6 हितग्राहियों को नए आवास की चाबी सौंपी। इसके साथ ही 5 आवास हितग्राहियों को 40-40 हजार रुपए का चेक वितरण किया। महेश कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। जनता के विश्वास के आधार पर सभी योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि हर गरीब का एक पक्का मकान हो। शासन महिलाओं के ऊपर विशेष ध्यान देते हुए महतारी वंदन योजना जैसे योजनाएं संचालित कर रही है। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का पूरा प्रयास है कि कोई भी पात्र हितग्राही आवास योजना का लाभ लेने से वंचित न हो। उन्होंने आवास की चाबी भेंट कर सभी हितग्राहियों को बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार धुरव ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, हुंगाराम मरकाम, डमरू नाग, सोयम मुक्का, मनोज देव, अरूण भदोरिया, कोरसा सन्नू, विश्वराज सिंह चौहान, दिलीप पेददी, सीईओ जिला पचायत नम्रता जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

सीईओ जिला पंचायत ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिले में स्थायी प्रतिक्षा सूची अंतर्गत 18,618 एवं आवास प्लस सूची अंतर्गत 24,829 इस प्रकार कुल 43,447 हितग्राही चिन्हित हैं। जिले में अब तक वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2023-24 तक कुल 10,118 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है। जिसमें से 9,373 आवास पूर्ण किया जा चुका है, शेष 745 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 13,095 आवासों की स्वीकृति हेतु राज्य कार्यालय से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें से स्थायी प्रतिक्षा सूची के शेष 8,500 हितग्राही एवं आवास प्लस सूची के 4,595 हितग्राही शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक लक्ष्य 13,095 आवासों की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है, अद्यतन 6,266 आवासों की स्वीकृति किया जा चुका है।

### 3 किश्त में मिलती है राशि

सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि जिले में अब तक 43,447 हितग्राहियों में से कुल 16,384 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है। 9,373 आवास पूर्ण किये जा चुके हैं और शेष 7,011 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस वित्तीय वर्ष में स्वीकृति हेतु शेष 6,829 आवासों का स्वीकृति प्रत्रियाधीन है। योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु कुल 1,20,000 की सहायता राशि तीन किश्तों में प्रदाय किया जा रहा है।

## बच्चों को लाल आतंक का ककहरा पढ़ा रहे थे वहां गांव के शिक्षित युवा चला रहे स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अबूझमाड़ में कभी माओवादी भूमकाल स्कूल चलाते थे। यहां नन्हें बच्चों को लाल आतंक का ककहरा पढ़ाया जाता था। फोर्स के दबाव के कारण अब नक्सलवाद की जड़ें कमजोर हुई तो इसका फायदा उठाते हुए गांव के शिक्षित युवा स्कूल चला रहे हैं, स्कूल में डेढ़ सौ बच्चे अध्ययनरत हैं। ग्रामीणों की अपेक्षा यह है कि पढ़-लिख कर बच्चे अच्छे नागरिक बनें और अपना-क्षेत्र का भला-बुरा समझ सकें। शासन-प्रशासन से अपेक्षा जाहिर की गई है कि यहां अब सुविधा उपलब्ध करवाई जाए ताकि स्कूल का संचालन बेहतर ढंग से किया जा सके। यह बातें भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत ने गुरूवार को पत्रवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि नारायणपुर जिला अंतर्गत अबूझमाड़ के ओरछा ब्लाक के रेकावाया इलाके के लोगों की अपेक्षा है कि इस स्कूल में सरकार आवश्यक सुविधाएं प्रदान करे ताकि इसका संचालन और बेहतर तरीके से हो सके। इस तरह की पहल ऐसे क्षेत्रों में विकास और शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, जहां पहले उग्रवाद का प्रभाव रहा हो। शिक्षा के माध्यम से न केवल बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकता है, बल्कि क्षेत्र में स्थायी शांति और समृद्धि भी लाई जा सकती है।

### स्कूल को बोर्ड से दी जाए मान्यता

उन्होंने कहा कि ओरछा ब्लाक की 12 पंचायतों ने मिलकर इस स्कूल का संचालन प्रारंभ किया है। प्रत्येक पंचायत से हर महीने 3 हजार रुपए चंदा लिया जाता है ताकि स्कूल के संचालन का खर्च निकाला जा सके। स्कूल को सरकार से मान्यता प्राप्त नहीं है, इसके चलते यहां पढ़ रहे बच्चों को सर्टिफिकेट नहीं मिल पाएगा। इसलिए यह जरुरी है कि सुविधाएं जुटाने के साथ ही बोर्ड से स्कूल को मान्यता भी दी जाए।

**जिला उपभोक्ता आयोग संयुक्त खंडपीठ ने किया आदेश**

## विक्रेता देगा वाहन की कीमत 1.30 लाख व अदा करेगा 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में आवेदक को वाहेगुरु मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदलपुर द्वारा वाहन की विक्रय एक लाख 30 हजार रूपए और 5 हजार रूपए का जुर्माना अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा आदेश पारित किया गया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आवापल्ली निवासी डॉ. उत्तम कुमार पाल द्वारा जगदलपुर स्थित वाहेगुरु मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल क्रय की गई थी। वाहन क्रय करने के एक सप्ताह उपरांत से वाहन में स्टार्ट न होने की समस्या आ रही थी, जिस हेतु वाहन विक्रेता द्वारा उक्त वाहन की मरम्मत कर दो बार वाहन की बैटरी बदली गई थी। आवेदक द्वारा वाहन विक्रेता से नई वाहन की मांग करने पर वाहन विक्रेता द्वारा नई वाहन देने से इनकार कर दिया गया था, जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि वाहन विक्रेता द्वारा आवेदक को एक दोषयुक्त वाहन विक्रय की गई थी, जिसमें आरंभ से ही त्रुटियां विद्यमान थी जिसे समय-समय पर वाहन विक्रेता द्वारा सुधार भी गया था। वाहन में मरम्मत की समस्या यथावत बनी हुई थी, वाहन विक्रेता को इसलिए 5 हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। आवेदक की ओर से अधिवक्ता विपुल श्रीवास्तव ने पैरवी की।

## 219वीं बटालियन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



- ग्राम पंचायत इंजराम मुख्यालय में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

सुकमा जिला के इंजराम ग्राम पंचायत में अपनी सेवा दे रही सीआरपीएफ 219वीं बटालियन ने अपना13वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ आज मनाया। ग्राम इंजराम स्थित सीआरपीएफ हेडक्वार्टर में 219वीं बटालियन सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स द्वारा इंजराम मुख्यालय में अपना 13वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी ने उपस्थित राजपत्रित अधिकारी व अधिनस्थ अधिकारियों एवं बल के सभी कार्मिकों के द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा मुख्य अतिथि द्वारा क्वार्टर गार्ड में सलामी ली गई। इस अवसर पर मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी जवानों को सम्बोधित करते हुये 219वीं बटालियन के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुये सभी कार्मिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

साथ ही परिचालनिक क्षेत्र में आने वाली संभावित परेशानियों व समस्याओं से निपटने हेतु आवश्यक कार्यवाही के विषय में जवानों को ब्रीफ किया व जवानों के कल्याण तथा स्वास्थ्य से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन में सभी जवानों को मिष्ठान वितरण किया गया।

स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यालय के साथ-साथ सभी कम्पनियों में भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा जवानों के मनोरंजन हेतु खेल-कूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बड़े खाने का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेहान अली खान सहा. कमाण्डेन्ट, डॉ. मोहम्मद इब्राहिम चिकित्सा अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारीगण तथा 219वीं बटालियन के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

**दीपिका ने महिला आयोग सदस्य का लिया पदभार**

## मेरा जीवन समाज के शोषित वंचित व अंतिम व्यक्ति के लिए समर्पित है : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदगढ़




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के आधी आबादी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए गठित राज्य महिला आयोग में महिला सदस्यों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 26 सितम्बर को की गई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रिक्त 5 पद पर सदस्यों की नियुक्ति की गई। आपको बता दें कि सुकमा में विगत कई वर्षों से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा एवं उनके उत्थान को लेकर कार्य कर रही सुकमा जिले के विकास खंड छिंदगढ़ छोटे से ग्राम पाकेला निवासी अधिवक्ता दीपिका शोरी को छत्तीसगढ़ महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अन्य चार सदस्यों के साथ 17 अक्टूबर को अपना पदभार ग्रहण किया।

आज महिला आयोग कार्यालय में सदस्यगण जशपुर की प्रियंवदा सिंह जूदेव, महासमुन्द की सरला कोसरिया, दंतेवाड़ा की ओजस्वी मंडावी और बलौदाबाजार की लक्ष्मी वर्मा ने आज आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही दीपिका ने कहा मेरा जीवन समाज के शोषित वंचित व अंतिम व्यक्ति के लिए समर्पित है। ज्ञात हो कि राज्य महिला आयोग के पुराने सदस्यों का कार्यकाल 27 जून 2024 को समाप्त हो गया था, और महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के सरकार ने इन सदस्यों की नियुक्ति की है।

### पहली दफा मिला सुकमा को स्थान

अगर हम छत्तीसगढ़ की पिछली भाजपा सरकार की बात करें तो सुकमा जिले को पहली दफा किसी आयोग,मंडल में स्थान मिला है। सुकमा जिले के निवासियों का कहना है कि यह सुकमा जिले के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि हमारे जिले की शिक्षित, योग्य और युवा अधिवक्ता दीपिका शोरी को महिला आयोग में सदस्य के रूप में स्थान मिला है, निश्चित ही वो बहुत अच्छा कार्य करेंगी।

## शासकीय आईटीआई में हुआ जनजातिय गौरव स्मृति कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

शासकीय आईटीआई भानपुरी में आज जनजातिय गौरव स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनजातिय समाज की ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर एवं मूल्यों को आत्मसात करते हुये जनजातिय देवतुल्य शुरवीरों एवं वीरांगनाओं की वंदना के साथ राकेश कुमार यादव, प्राचार्य आईटीआई भानपुरी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि वेदवती कश्यप, अध्यक्ष जिला पंचायत विशिष्ठ अतिथि निर्देश दीवान एवं संतोष बघेल सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी, तुलुराम कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता, संयोजक एवं सह संयोजक के रूप में महेन्द्र ध्रुव, रवि साय सहित संस्था के जी.पी. टंडन, रविन्द्र देवांगन, अश्वनी कुमार, श्रीकांत भगत, मनोज कुमार रावते, मौसमी श्रीवास्तव, आकाश, जोगीराम नेताम, ओमप्रकाश, राहुल ध्रुव, मोती कश्यप एवं लगभग 250 से अधिक की संख्या में प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में जनजातिय समाज के गौरव की सारगर्भित तथ्यों से वक्ता बलीराम नेताम के द्वारा ज्ञानवर्धन किया एवं प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अद्भुत प्रस्तुति देकर सबको मोहित किया। संस्था के राजीव जगत नं मंच संचालन किया।

## शिविर में ग्रामीणों ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत आड़ावाल में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का चौथे दिवस में ग्रामीणों को ब्लड टेस्ट करवाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.सी.पी.यादव ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि एनएसएस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को ब्लड टेस्ट कराने का उद्देश्य उनके स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना है। इससे ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है और वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। ब्लड टेस्ट करने से ग्रामीणों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है और वे अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। ब्लड टेस्ट में रक्त समूह, रक्त संबंधी विकारों का पता लगाना और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच शामिल हो सकती हैं। इससे ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है और वे अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। अतिथि प्राध्यापक अखिलेश चंदेल ने बताया कि ब्लड टेस्ट करने से ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है और वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। इसके अलावा, यह शिविर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में भी मदद करता है। इस दौरान प्रो.सी.पी. यादव ,राजू बघेल, तेजस्वी साहू, विपिन कुमार, देवेंद्र कश्यप, जागेश शोरी, रश्मि मांडवी, हरसिता नेताम, चंपा मंडल, लिनेश बघेल, पूरन सिंह कश्यप, जयलाल वड्डे, लक्ष्मी कश्यप, जय नारायण देवांगन, शांति मरकाम, संतोष सेठिया, प्रतिमा गांधरला, प्रगति एंड्रिक, खेमली कश्यप, तामेश्वरी मौर्य आदि स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुस्कान ने प्रेरणा कार्यक्रम में राज्य का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



प्रेरणा कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की कार्यान्वयन एजेंसी के तहत शुरू किया गया एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है। इसका मकसद कक्षा नवमी से 12वीं तक के चयनित छात्रों को नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करना एवं अनुभवात्मक शिक्षा देना है। भारत के विभिन्न राज्यों के दो छात्रों का चयन विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा होता है एवं चयनित छात्रों को एक सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम में भाग लेने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाता है। दंतेवाड़ा जिला से मुस्कान कश्यप डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल का चयन निबंध लेखन द्वारा जेएनवी बारसूर में हुआ। मुस्कान कश्यप एवं एक और प्रतिभागी छात्र मनीष ठाकुर के साथ गुजरात के वडनगर में देश भर के 20 छात्रों का चयन हुआ। यह कार्यक्रम 6 से 12 अक्टूबर तक चला। जिसमें छात्रों को भारतीय विरासत संस्कृति परंपरा एवं ज्ञान प्रणालियों की जानकारी दी गई। प्रेरणा योजना का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं को अनुभवात्मक शिक्षा में शामिल करके उन्हें देश के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में मुस्कान कश्यप ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत किया, छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए, लोकगीत गाया एवं विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्रों के साथ गार्जियन शिक्षिका के रूप में रेखा सिंह ने भी इस प्रेरणादाई कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य पीएल वर्मा एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुस्कान कश्यप को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। मुस्कान कश्यप का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होना यह सिर्फ किरंदुल ही नहीं वरन संपूर्ण दंतेवाड़ा जिला के लिए गौरव की बात है।

## राष्ट्रीय उद्यान का स्टाल सरस मेले में आकर्षण का बना केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




- प्राकृतिक धरोहर व पर्यटन स्थलों को प्रमुखता से किया जा रहा प्रदर्शन

क्षेत्रीय सरस मेला और बस्तर मड़ई में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का स्टाल 19 अक्टूबर तक स्थानीय और बाहरी पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। इस प्रदर्शनी में उद्यान की समृद्ध प्राकृतिक धरोहर और पर्यटन स्थलों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जा रहा है। स्टाल में उद्यान की ऐतिहासिक धरोहरों जैसे कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा, दंडक गुफा और तीरथगढ़ जलप्रपात को विशेष रूप से दर्शाया गया है। इसके साथ ही वन्यजीव संरक्षण के लिए उद्यान में चलाए जा रहे विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास है। इसके अलावा जल्द ही शुरू होने रहे नागलसर पर्यटन ग्राम की रोमांचक गतिविधियों जैसे बांस राफ्टिंग, बैलगाड़ी गांव भ्रमण, साइकिलिंग टूर, पारंपरिक खेल और होमस्टे के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में धुड़मारास ईको-टूरिज्म विलेज, जिसे हाल ही में सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन ग्राम के अवार्ड से नवाजा गया है के बारे में भी लोगों को बताया जा रहा हैं। स्टाल का आकर्षण है पर्यटकों के बीच लोकप्रिय जिप्सी गाड़ियां, जो पर्यटकों को रोमांचकारी वन्यजीव सफारी का अनुभव देती हैं। हालांकि पार्क वर्तमान में बंद है, लेकिन पर्यटक अन्य जगहों पर घूमने के लिए बुकिंग कर सकते हैं। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का यह स्टाल न केवल पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को भी उजागर कर रहा है।

### कर्मियों को दिए निर्देश

*उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने बताया कि स्टॉल के लिए एसडीओ सहित अन्य कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि स्टॉल में पहुंचने वालों को उद्यान की जानकारी दें।*




## खबर संक्षेप

### मरकाम बनाए गए झारखण्ड विस चुनाव के लिए संयोजक

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखण्ड विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व मंत्री मोहन मरकाम को संयोजक बनाया है। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। झारखंड में 2 फेज में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।



### प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्राकृतिक आपदा पीडित के प्रकरण में वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा केशकाल तहसील के ग्राम सिंगनपुर निवासी सुमन शोरी की कुंए के पानी मे डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुलन शोरी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### नशे के दुष्प्रभावों को बताकर सामाजिक आर्थिक नुकसान की जानकारी दी



**कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को नशे के दुष्प्रभावों को बताकर इसके सामाजिक तथा आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और उन्हें नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत नशामुक्ति वालेंटियर के रूप में 32 हितग्राहियों का पंजीयन कराया गया। ताकि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। कार्यक्रम में युवाओं में नशे के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। समाज कल्याण विभाग का यह प्रयास युवाओं को नशे की समस्या के प्रति संवेदनशील बनाने और उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आयोजन: ग्राम चिपावण्ड में हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

# शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों दिया जाए: दुदावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के ग्राम चिपावण्ड में 18 अक्टूबर को एक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याओं को रखा। शिविर में कुल 214 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 77 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

- शिविर में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी
- 214 आवेदनों में से 77 का मौके पर ही निराकरण

विधायक सुश्री उसेण्डी ने कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी और शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिलेगा।



### शिविर में किया गया सामग्रियों का वितरण

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, उद्यान विभाग द्वारा बीज, कृषि विभाग द्वारा मसूर बीज मिनी किट, राजस्व विभाग द्वारा ऋण पुस्तिका, आदिवासी विकास विभाग द्वारा वन अधिकार पत्र, श्रम विभाग द्वारा श्रम पंजीयन कार्ड और मत्स्य विभाग द्वारा आइस बाक्स व किट आदि शामिल हैं।

### 17.37 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

इस अवसर पर विधायक सुश्री उसेण्डी ने लगभग 17.37 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें ग्राम पंचायत चिपावण्ड में सीसी सड़क निर्माण कार्य, नाली निर्माण कार्य और व्यवसायिक परिसर भवन का निर्माण शामिल है।

# चिकलपुटटी कैंप के शिविर में जवानों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत- चीन सीमा उत्तर पूर्वी लद्दाख हॉटसप्रिंग्स में चीन के साथ हुए युद्ध के दौरान केरिपुबल के में 10 जवान शहीद हो गए थे। उन जवानों की शहादत की याद में भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। 188 बटालियन केरिपुबल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें, मुख्यालय कैम्प परिसर, चिकलपुटटी, कोण्डागांव में कमांडेंट भवेश चौधरी के दिशा–निर्देश में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान मौजूद सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जिला चिकित्सालय कोण्डागांव की रक्त संचय संस्थान की टीम की मौजूदगी में लगभग 35 जवानों ने रक्तदान किया।

**किसी जरूरतमंद की हो सकती है मदद :** इस मौके पर भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा रक्तदान शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि इन कार्यक्रमों द्वारा आम नागरिकों या किसी जरूरतमंद की मदद हो सकती है। इसलिए रक्तदान करना है। रक्तदान महादान होता है। आप का दान किया रक्त किसी की जिंदगी को बचा सकता है। रक्तदान शिविर में 188 बटालियन केरिपुबल के जवानों ने भाग लिया और रक्तदान किया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी 188 बटालियन डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी, डॉक्टर आर.सी.ठाकुर, सिविल सर्जन जिला चिकित्सा अधिकारी कोण्डागांव एवं डॉक्टर भाग्यलक्ष्मी कोसमा, एमडी पैथोलॉजिस्ट जिला चिकित्सालय कोण्डागांव एवं रक्त संचय संस्थान टीम के सभी सदस्य एवं 188 बटालियन केरिपुबल के जवानों की मौजूदगी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

# प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभार्थी को किया गया भुगतान



**कोण्डागांव।** कलेक्टोरेट में डीएलसीसी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी बैंकों के कर्मचारियों ने बैंकिंग सेवाओं के साथ ही स्वसहायता समूहों को दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य करने को कहा गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत लाभार्थी इतवारिन पाण्डेय ग्राम पीपरा बहीगांव क्लस्टर विकासखण्ड केशकाल को कलेक्टर दुदावत ने दो लाख रुपए के चेक का भुगतान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के प्रबंधक के साथ ही एनआरएनएम बिहान के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### श्रुति सरोज ने कथक नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

**जगदलपुर।** दशहरा में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बस्तर मंडई सरस मेला लालबाग में सांस्कृतिक मंच पर श्रुति सरोज की शास्त्रीय नृत्य कथक की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कलेक्टर हरीश एस. ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।




# दस्तावेजों को व्यवस्थित रखें और नियमित करें अपडेट

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कोषालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कोषालयय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों, पंजियों और स्ट्रांग रूम में रखे स्टाम्पों का बारीकी से जायजा लिया।

कलेक्टर ने निरीक्षण में यह सुनिश्चित किया कि सभी दस्तावेज और पंजियां सही तरीके से रखे गए हैं और उनमें दर्ज जानकारी सही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी दस्तावेजों को व्यवस्थित तरीके से रखा जाए और नियमित रूप से अपडेट किया जाए। कलेक्टर ने जोर दिया कि कोषालय के सभी कार्य पारदर्शी तरीके से और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कोषालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और कुशलता लाना है, ताकि जनता के हित में चल रही योजनाओं में किसी भी तरह की देरी न हो।



**ये रहे उपस्थित :** निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिलाधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रशेखर मेंढेकर और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पुत्री के जन्मदिन पर शिक्षिका ने कराया स्कूल में न्योता भोज

**कोण्डागांव।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा चिपावंड में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना न्योता भोज के तहत शिक्षिका श्रीमती योगिता नाग ने अपनी पुत्री शिवांशी नाग के जन्म वस के अवसर पर संस्था में अध्ययनरत 71 बच्चों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में पौष्टिक आहार के रूप में खीर पूरी एवं पनीर की सब्जी खिलाया गया। आयोजन के उपलक्ष्य में संस्था प्रभारी श्रीमति सावित्री कोर्राम और श्रीमति गमला पुजारी एवं संस्था में पदस्थ शिक्षक नीरज ठाकुर, हीरा लाल चुरेंद्र, रूपेंद्र साहू, कुमुद पांडेय, प्रियंका पटेल भृत्य यशोदा ठाकुर, रसोइया जगदेव, सोनाधार, सुनील, अनीता सभी ने बच्ची की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गयी।






# जनजातीय संस्कृति उत्सव में समुदाय की पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन

**कोण्डागांव।** जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक ,सामाजिक, आध्यात्मिक योगदान जनजातीय समुदाय और उनकी परंम्पराओं को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। राज्य के जनजातीय समुदाय एवं उनकी परंपराओ का छत्तीसगढ के इतिहास, संस्कृति, कला एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष योगदान एवं गौरवशाली अतीत को सम्मानित करने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मर्दापाल में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती रेशमा दिवान जिला पंचायत सदस्य कोण्डागॉव, विशिष्ट अतिथि बेलकू राम बघेल, पवन कुमार कोर्राम, आसमान कोर्राम सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्य वक्ता बलीराम नेताम सामाजिक कार्यकर्ता कोण्डागांव शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन बलीराम नेताम के मार्गदर्शन में तथा प्राचार्य रवि नायक आईटीआई मर्दापाल की अध्यक्षता एवं संयोजक अशोक कुमार ध्रुव और सहसंयोजक विजय पाल सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से किया गया। आईटीआई मर्दापाल के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनजातीय समुदाय की कला, संगीत और नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय नायक बिरसा मुण्डा के जीवन और अन्य जनजाति नायकों के योगदान के बारे में भी जानकारी, सामाजिक कार्यकर्ता कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बलीराम नेताम द्वारा दी गई। अतिथियों ने जनजातीय संस्कृति और उनके योगदान को सहारा। आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला रहा। कार्यक्रम में देश की उन्नति में योगदान देने के लिए मार्गदर्शन दिया गया । इसके साथ ही रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती मनाई गई, जिसमें महिलाओं की भूमिकाओं को भी उजागर किया गया। इसके साथ संस्था में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।





### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्था के समस्त प्रशिक्षणार्थी, प्रशिक्षण अधिकारी सुश्री दीपिका पांडे, मनीषा देवांगन, नवीन महाविद्यालय मर्दापाल के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डॉ. करुणा देवांगन, केश नेताम प्रोफेसर साथ में अन्य प्रोफेसर, आईटीआई विश्रामपुरी प्राचार्य नरेंद्र मिश्रा, आईटीआई केशकाल प्रशिक्षण अधिकारी दिनेश्वर राम देवांगन एवं चंद्रभान सिंह मराबी प्रभारी अधीक्षक कोण्डागांव, प्रशिक्षण अधिकारी विजयंत कुमार साहू, निरंजन साहू, जिला नोडल आईटीआई कोण्डागांव से उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**चारामा।** ग्राम आंवरी में जय माँ शीतला युवा समिति आंवरी के तत्वाधान में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 19 और 20 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को आकर्षक ईनाम दिया जाएगा।

### महापौर के कार्यकाल में हुई गड़बड़ी की जांच कराने कलेक्टर से मांग

**जगदलपुर।** महापौर काल में और उनकी निधि से हुए कार्यों के भौतिक सत्यापन निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर शहर अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि महापौर सफीरा साहू के कार्यकाल में अनेक अनियमितताओं की जानकारी प्राप्त हुई हैं। महापौर के कार्यकाल में महापौर निधि से हुये कार्यों के भौतिक सत्यापन एवं गुणवत्ता की जांच कराया जाए। बताया गया कि बलीराम कश्यप वार्ड में कार्यों एवं माइकल गली में पेयजल के लिए श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में 18 लाख खर्च किये जाने की जानकारी हैं। भौतिक सत्यापन एवं निष्पक्ष जांच आवश्यक हैं।

### कलेक्टर ने कोषालय का किया औचक निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस.ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कोषालय का वार्षिक निरीक्षण कर अमले की उपलब्धता एवं कार्यालयीन कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान अभिलेखों एवं पंजियों का अवलोकन किया और व्यवस्थित संधारण को देखकर सराहना व्यक्त की। कलेक्टर हरिस ने रोस्टर के अनुरूप डबल लॉक का वार्षिक निरीक्षण कर डबल लॉक में सुरक्षित मूल्यवान वस्तुओं सहित स्टाम्प एवं अन्य सामग्रियों के बारे में जानकारी ली और सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉम्प वेण्डरों को समय पर स्टॉम्प जारी किए जाने के निर्देश दिए।

### कॉलेज की छात्राओं ने मड़ई उत्सव में बांटे पेपर बैग्स

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बस्तर मड़ई उत्सव में भ्रमण कर प्रदर्शनी में लगे विभागों में पेपर से निर्मित पेपर बैग्स भेंट किए। साथ ही संदेश दिया कि प्रकृति को संतुलित रखने के लिए प्लास्टिक के उपयोग से बचे। लगभग 50 पेपर बैग्स छात्राओं द्वारा बनाया गया व वितरित किया गया।


फर्जीवाड़ा : मामला ग्राम पंचायत भंडारडिगी का, सरपंच और पंचों ने फर्जीवाड़े की लिखित थाने में की शिकायत

# सील-मुहर एवं फर्जी हस्ताक्षर कर मछलीपालन की अनुमति मांगी, 34 पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत भंडारडिगी के सरपंच व सचिव के फर्जी हस्ताक्षर और सील मुहर लगाकर जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सीईओ से ग्राम डांगरा के तालाब में मछली पालन की अनुमति मांगने वाले 34 लोगों के खिलाफ ग्राम पंचायत भंडारडिगी के सरपंच और वार्ड पंच ने थाना दुर्गुकोंदल में लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग किया है।

सरपंच धनेश नरेटी ने बताया कि ग्राम डांगरा के 34 महिला-पुरूषों ने हस्ताक्षर कर तालाब में मछली पालन की अनुमति मांगी है, जिसमें सरपंच व सचिव के हस्ताक्षर और सील मुहर लगा है, वह सील मुहर और हस्ताक्षर फर्जी है। ग्रामीणों ने आवेदन पर हस्ताक्षर नहीं किया है। सरपंच और सचिव के सील बनाकर फर्जी हस्ताक्षर किया है। सरपंच ने बताया कि ग्राम डांगरा के तालाब को मछली पालन के लिए पंचायत से प्रस्ताव पारित कर वर्ष 2023 में 2 वर्ष के लिए माही समूह डांगरा और गणपति समूह डांगरा को दिए हैं, दो वर्ष पूरा नहीं हुआ है।


कार्यालय ग्राम पंचायत भण्डारडिगी
जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

दिनांक 18/10/2024

प्रति,

श्रीमान थाना प्रभारी महोदय
थाना–दुर्गूकोन्दल ,जिला–उ.ब.कांकेर (छ.ग)

विषयः– सरपंच/सचिव का फर्जी हस्ताक्षर करने की सूचना बाबत्

महोदय,

सादर निवेदन है कि ग्रा.पं.भण्डारडिगी के अन्तर्गत ग्राम डांगरा से एक आवेदन पत्र ज.पं.दुर्गूकोन्दल के ग्राम डांगरा के आवेदक आवेदन किया गया है, जिसमें आवेदको के द्वारा सरपंच/सचिव का शिल एवं हस्ताक्षर किया है, जो कि हम सरपंच/सचिव के द्वारा यह हस्ताक्षर नही किये है, स्वयं आवेदक हि फर्जी सील बनाकर फर्जी हस्ताक्षर किया गया है जो कि [illegible]

ऐसे में दूसरे समूह को हम तालाब कैसे दे देंगे, लेकिन ग्राम डांगरा के 34 ग्रामीण तालाब मछली पालन के लिए लीज लेने के लिए हस्ताक्षर युक्त आवेदन जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सीईओ को दिए हैं। सरपंच और सचिव के नाम पर लगी सील-मुहर और हस्ताक्षर फर्जी है। ग्राम डांगरा के 34 ग्रामीण फर्जी तरीके से सील मुहर और हस्ताक्षर कर सरपंच सचिव को फंसाने में तुले हुए हैं। इन पर पुलिसिया कार्रवाई की जरूरत है। कार्रवाई नहीं हुई तो फिर से कोई दूसरे मामले में सरपंच-सचिव को फंसा देंगे। इसलिए हम दुर्गुकोंदल पुलिस थाना और तहसीलदार को आवेदन देकर हमारे पद की फर्जी सील मुहर लगाकर और फर्जी हस्ताक्षर कर आवेदन करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग किए हैं। सरपंच ने बताया कि डांगरा के ग्रामीणों ने सीईओ को आवेदन सौंपा है। सीईओ ने जांच के लिए अधिकारी और आवेदन की प्रति भेजी, जिसके बाद फर्जी हस्ताक्षर और सील मुहर लगाने की मामले की खुलासा हुआ। हमने डांगरा के ग्रामीणों को पंचायत बुलाया। पर वे आने से इंकार कर रहे हैं, इसीलिए हमने जांच और एफआईआर के लिए दुर्गुकोंदल पुलिस को लिखित आवेदन दिया है।

थाना प्रभारी योगेश सोनी ने बताया कि ग्राम पंचायत भंडारडिगी के सरपंच और वार्ड पंचों ने फर्जी हस्ताक्षर और सील मुहर के मामले को लेकर आवेदन सौंपा है। इसकी जांच करेंगे, जांच के सही पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, बाइक चालक पर मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर थानांतर्गत गढ़पिछवाड़ी बाईपास क्रासिंग के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। थाना में जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

घटना की जानकारी देने कांकेर थाना पहुंचे ईश्वर वट्टी ने पुलिस को बताया कि मृतक सतीश दुग्गा 18 सितंबर को कीटनाशक दवाई को खा लिया था। सुबह 7 बजे जिला अस्पताल में भर्ती किए थे। अगले दिन 19 सितंबर को सुबह 8 बजें मोबाईल के माध्यम से जानकारी मिला कि अज्ञात व्यक्ति का शव गढ़पिछवाड़ी बाईपास क्रासिंग के पास मिला है। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पहुंचकर देखा तो सतीश दुग्गा का शव था, जिसे कोई अज्ञात वाहन के चालक के अपने वाहन को तेजी एंव लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेन्ट कर देने से मेरे भाई संतीश दुग्गा का मौत हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि मृतक मोहपुर निवासी 28 वर्षीय सतीश दुग्गा पिता राम लाल दुग्गा को 18 सितंबर को शाम साढ़े 6 बजें गढ़पिछवाड़ी बाईपास रोड के निर्मल भवन पास आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 7351 के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को तेजी एंव लापरवाही पूर्वक चलाकर पैदल जा रहे सतीश दुग्गा को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आने से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सामाजिक बात पर किसान की पिटाई, ग्रामीण के खिलाफ अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


थानांतर्गत कांकेर के ग्राम पेटोली में सामाजिक बातो को लेकर किसान के साथ ग्रामीण ने मारपीट किया। मारपीट से किसान के चेहरे में चोट आई है। लड़ाई झगड़ा को देख आसपास में मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया, जिसके बाद पीड़ित ने कांकेर थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़ेपारा पेटोली निवासी 59 वर्षीय जीरजोधन साहू पिता स्व. गांधीराम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूँ और 16 अक्टूबर को दोपहर करीबन 3 बजे थान सिंह नरेटी के घर के पास बैठा था। उसी समय गली में बरनू साहू मुझे देखकर सामाजिक बातों को लेकर मेरे पास आकर मुझे गाली देने लगा। मैने आरोपी को गाली देने के



लिए मना किया। गाली देने से मना करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ व मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे गाल व चेहरा में चोट आई है। आरोपी के द्वारा मारपीट किए जाने के दौरान आसपास में मौजूद गाँव के लोगों ने बीच बचाव किया है। गाँव के लोगों के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अवैध तरीके से संचालित क्लिनिक को एसडीएम ने किया सील






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को सील किया गया है। उक्त कार्रवाई कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में की गई।

ज्ञात हो कि 17 अक्टूबर को गायत्री मेडिकल स्टोर बीजापुर के प्रथम तल में अवैध क्लीनिक संचालन संबंधी सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम बीजापुर की अगुवाई में बीएमओ बीजापुर, तहसीलदार बीजापुर एवं थाना प्रभारी बीजापुर की टीम के द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्रवाई के दौरान कुछ मरीज भी पाए गए। कुछ अचानक हुई कार्रवाई से घबराकर भाग गए। कार्रवाई के दौरान गर्भपात किट, सेलाइन की बोतलें, खून जांच करने की मशीनें, खून से भरी पिपेट और भारी मात्रा में दवाइयां पाई गई, जिसे नियमानुसार जब्त कर क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की गई है। पूर्व में भी उक्त क्लीनिक जिसका संचालक रमेश मिश्रा है, पर कार्रवाई की गई थी और उसे हिदायत भी दी गई थी।

## महाविद्यालयीन छात्रों को दी विधिक सहायता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अक्टूबर 2024 के लिए निर्धारित विषय विधिक सेवा संस्थाओं के कार्यों, पैरालीगल वालेंटियर्स की भूमिका एवं विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन इंदरू केंवट शासकीय कन्या महाविद्यालय में किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भास्कर मिश्रा ने छात्रों को विधिक सेवा संस्थाओं के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया, इसके साथ ही विधिक सेवा संस्थाओं के अंतर्गत कार्य करने वाले पैरालीगल वॉलिंटियर्स की भूमिका के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया। शिविर में यह भी जानकारी दी गई कि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे,




इसलिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर के माध्यम से जन-जन तक विधिक जानकारी दी जाती है। आयोजित शिविर में छात्राओं को भारत के संविधान, न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक के भरण-पोषण संबंधी कानून आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, वहीं छात्रों के द्वारा कई प्रश्न भी किए गए, जिनकी शंकाओं का भी समाधान किया गया। छात्रों को यह भी सुझाव दिया गया कि आपके आसपास ऐसा कोई व्यक्ति हो जिसे न्याय न मिला हो, उसकी मदद करें और उसे न्याय दिलवाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में भी लाएं, जिससे उसकी मदद किया जा सके।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने किया भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नाकापारा चारामा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा सुनने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ से कथा स्थल पूरी तरह भर गया। कथा वाचक आचार्य तोरण शर्मा ने प्रसंग के क्रम में श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की व्याख्या कर श्रोताओं को भावमुग्ध कर दिया। श्रीमद्भागवत कथा अमृत वर्षा के रूप में श्रद्धालुओं के अंतःकरण को भींगो कर रसरंग में डूबो रही थी। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला और महारास के वर्णन से सुमधुरित कथा श्रवण से सभी भावविभोर हो उठे।

कथा वाचक ने बताया कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर गुरुपंचायन परिवार की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ी परम्पराओ के अनुसार विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

## मेकाज से भागा बंदी, दंतेवाड़ा में गिरफ्तार

**जगदलपुर।** डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती विचाराधीन बंदी पैर में बंधा हथकड़ी को खोलकर फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही ड्यूटी में तैनात जवान उसकी खोजबीन में जुट गए, जहां 24 घंटे के बाद पुलिस ने बंदी को दंतेवाड़ा से गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गीदम में रहने वाला महेंद्र दीवान 25 वर्ष को दंतेवाड़ा पुलिस ने 8 अक्टूबर को दंतेवाड़ा में 9 वीं बटालियन में 8 लाख रुपए के चोरी मामले में गिरफ्तार किया था। उपजेल में रहने के दौरान आरोपी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे 3 जेल प्रहरी के निगरानी में 14 अक्टूबर को मेकाज में भर्ती किया गया। वहां से 17 अक्टूबर की सुबह लगभग 4 बजे बंदी ने अपने पैर में बंधे हथकड़ी को खोलकर फरार हो गया। इस पर जेल प्रहरियों ने इसकी सूचना मेकाज चौकी से लेकर परपा थाना, गीदम थाना, दंतेवाड़ा थाना को सूचना दिया गया। 24 घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी को दंतेवाड़ा से



गिरफ्तार किया गया और उसे वापस जेल भेज दिया गया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी दिलबाग सिंह, सहायक उप निरीक्षक अविनाश कुमार झा, प्रधान आरक्षक शत्रुघन दीवान, आरक्षक मरीयानुस टोप्पो, गुरमीत दीवान एवं थाना गीदम पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बस्तर में पहली बार राज्यस्तरीय मेडिकल कांफ्रेंस होगी आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में पहली बार डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा 19 अक्टूबर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय मेडिकल कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा, इसमें देशभर के 100 से ज्यादा डॉक्टर और 20 से अधिक नामचीन विशेषज्ञ डॉक्टर जुटेंगे। कांफ्रेंस में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान 45 से ज्यादा व्याख्यान और 2 वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा, इसका लाभ बस्तर संभाग के डॉक्टरों को मिलेगा। यह बातें शुक्रवार को पत्रवार्ता में एसोसिएशन के डॉ. नवीन दुल्हानी, डॉ. खिलेश्वर सिंह, डॉ. जॉन मसीह और डॉ. आरबीपी गुप्ता ने कही। उन्होंने बताया कि बस्तर में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की कांफ्रेंस का आयोजन हो रहा है। इसमें देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टर अपना व्याख्यान देने के साथ बीमारियों के नई

- दो दिवसीय कांफ्रेंस में नामचीन विशेषज्ञ डॉक्टर जुटेंगे




पद्धति से उपचार के संबध में अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही अचानक हार्ट फेल होने से होने वाली मौत, न्यूरो, किडनी, लिवर समेत विभिन्न बीमारियों पर विचार विमर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि बस्तर में मलेरिया, डेंगू, सिकलसेल जैसी बीमारियों के उपचार संबधी नई जानकारी मिलने से संभाग के डॉक्टरों को लाभ मिलेगा।

दल में 8 बालक और 11 बालिकाएं हैं शामिल

## रेडक्रॉस का 19 सदस्यीय दल दुर्ग शिविर के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के द्वारा प्रथम बार राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन दुर्ग में किया जा रहा है। विद्यालयों में संचालित जूनियर रेड क्रॉस के वालींटियर्स के लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन 18 से 23 अक्टूबर तक भारती विश्वविद्यालय पुलगांव चौक दुर्ग में किया गया है।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष नीलेश क्षीरसागर के दिशा निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश शांडिया पदेन सचिव रेडक्रॉस के




मार्गदर्शन में जिला की 19 सदस्यीय दल प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर के लिए रवाना हुआ। 8 बालक व बालिका एवं दल प्रभारी ओमप्रकाश सेन, महिला प्रभारी बृजवती मातलामी को जनप्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, भाजपा के जिला मंत्री अनूप राठौर, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी बिरेश ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने कहा कि हमने रेडक्रॉस सोसाइटी को कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करते देखा है। आप जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी के वॉलिंटियर्स शिविर में जाकर जिले का नाम रोशन कर हमें गौरवान्वित करें। भाजपा के जिला मंत्री अनूप राठौर ने आशीर्वचन के रूप में कहा कि हर विधा में भाग लेकर प्रथम स्थान को प्राप्त करें, उत्साह और हौसले के साथ शिविर में भागीदारी करें। बिरेश ठाकुर ने संस्मरण को याद करते हुए कहा कि अपने समय में हम भी विभिन्न शिविर में शामिल हुए हैं और अनुशासन सद्भावना के साथ अच्छी सीख लेकर वापस लौटे हैं आप सब भी इसका अनुसरण करें। प्रशिक्षण एवं सद्भावना शिविर में जाने के पूर्व जूनियर रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स का पूर्वाभ्यास शिविर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोरर में लगाया गया। पूर्वाभास शिविर के संयोजक बीईओ सदे सिंह कोमरे, शिविर संचालक अनुपम जोफ़र, टिकेश्वर सिंह ठाकुर प्राचार्य हाई स्कूल मूंगवाल, केएल कटेंद्र व्याख्याता सेलेगांव और जीआर साहू शिक्षक ढेकुना ने छात्र-छात्राओं को शिविर के नियम, अनुशासन एवं अन्य जिलों के साथ सद्भावना सहित भागीदारी की व्यावहारिक जानकारी दी।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411